यूटीयू का 18वां स्थापना दिवस 27 जनवरी को

माई सिटी रिपोर्टर

मुख्यमंत्री करेंगे आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम के 251 छात्रों को सम्मानित

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय 27 जनवरी को अपना 18 वां स्थापना दिवस मनाएगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल शिरकत करेंगे।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि ने अपने स्थापना वर्ष 2005 में होटल के दो कमरों से शुरूआत की। स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री के हाथों उत्तराखंड के महान योद्धा, सेनापति वीर माधो सिंह भंडारी की मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम में प्रवेश पाए 251 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप 50-50 हजार रुपये की धनराशि वितरित की जाएगी।